पंजाब केसरी 21/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में 'पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट' विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 20 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की तरफ से बुधवार को 'पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट' अर्थात व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों के लिए आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के अंदर छिपी प्रतिभा का विकास करना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिन्दू गर्ल्स कॉलेज जगाधरी की विभागाध्यक्ष सुरुचि कालरा चौधरी थीं, जिन्होंने अपने अनुभवों से सभी को व्यक्तित्व विकास के बारे में परिचित करवाया। उन्होंने बताया कि व्यक्तित्व विकास का उद्देश्य हमारे चरित्र, लक्षणों और सामाजिक कौशल को सकारात्मक तरीके से पोषित करना है।

इस महत्वपूर्ण विषय के बारे में अधिक जानने से हमारे जीवन के कई क्षेत्रों में सुधार हो सकता है, क्योंकि व्यक्तित्व विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य समय के साथ हमारे व्यक्तित्व को बेहतर बनाना या बदलना है। कार्यक्रम के संयोजक अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. अमित कुमार ने मंच संचालन किया और डा. ज्योति सोरोत ने धन्यवाद भाषण प्रेषित किया।

जी.एम.एन. कॉलेज में 'पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती मुख्य अतिथि। (देवदत्त)